हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 11 जनवरी 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री



14 मोदी सरकार में महिला सशक्तिकरण को मिली नई दिशाः प्रज्ञा निर्वाणी



13 अखंड नवधा रामायण में शामिल हुईं जिपं ...

## खबर संक्षेप

### जिला झेरिया रजक समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला झेरिया रजक समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक कल 11 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11 बजे चिखली थाना के पीछे स्थित दीनदयाल नगर रजक सामाजिक भवन में रखी गई है।जिला झेरिया रजक समाज के अध्यक्ष डॉ. एलआर निर्मलकर ने समस्त परिक्षेत्र अध्यक्षों, सचिवों सहित जिले के सभी पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। डॉ. निर्मलकर ने बताया कि बैठक में आगामी 23 फरवरी को पूजनीय संत गाडगे महाराज की जयंती के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। उक्त जानकारी रजक समाज के जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।

### वाहन चालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण 18 को

**राजनांदगांव।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के क्षेत्राधिकार में संचालित सभी स्कूली बसों का भौतिक निरीक्षण, वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा वाहन चालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण 18 जनवरी को सुबह 9 बजे से पुलिस रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में किया जाएगा। स्कूल बस संचालकों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर दस्तावेज सहित वाहन प्रस्तुत करने कहा गया है। वाहन प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में वाहन अनफिट मानते ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी करण निषाद 21 साल निवासी मुढीपार थाना का दिसंबर 2024 से नवंबर 2025 तक पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर विभिन्न स्थानों में घुमाने के बहाने ले जाकर शारीरिक शोषण किया है। पीड़िता द्वारा शादी करने की बात करने पर आरोपी करण निषाद टालमटोल कर शादी करने से मना करने लगा। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 69(2) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सेमनी पुलिस की टीम गठित कर आरोपी करण निषाद को तत्काल गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश कर जेल दाखिल किया गया।

### दो पहिया वाहन से शराब की अवैध तस्करी, पांच कोचियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत डोंगरगढ़ पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन किए जाने के 5 मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक संतोष जायसवाल अपने स्टाफ के साथ अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने, शराब कोचियों, तस्करों पर निगरानी रखने के साथ-साथ अवैध गतिविधियों, सट्टोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमारों, चाकूबाजों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को मुखबीर सूचना पर आरोपी डोमेश्वर सिन्हा 38 वर्ष निवासी मुदगांव को ग्राम कुरुभाठ प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास हनुमान मंदिर के सामने रोड पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 40 पाव अंग्रेजी शराब व होंडा एक्टिवा जब्त किया गया। नेहरू कॉलेज के पास मंदिर जाने वाले रोड पर दो व्यक्तियों को मोटर साइकिल से अवैध शराब परिवहन करते पकड़ा गया।

# 44 हजार की आबादी, लेकिन एंबुलेंस शून्यः परपोड़ी का स्वास्थ्य तंत्र सवालों के घेरे में

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक साल से नहीं हुई जीवनदीप समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| परपोड़ी

स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर शासन द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन 44 हजार 4 सौ की आबादी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परपोड़ी में मरीजों के लिए एक एंबुलेंस तक नहीं है । मजे की बात यह है कि 1 साल से जीवनदीप समिति की बैठक ही नहीं हुई।

मिली जानकारी के अनुसार परपोड़ी के जीवनदीप समिति के पदेन अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक हैं । पूर्व में बैठक उनके अनुमति के अनुसार तय किया गया था लेकिन किसी कारणवश नहीं क्षेत्र से बाहर होने के कारण बैठक स्थगित हो गई । केवल एक बार ही संयुक्त रूप से ब्लॉक मुख्यालय साजा में जीवनदीप समिति की बैठक हुई है । ऐसी जानकारी सामुदायिक से स्वास्थ्य केंद्र से मिली है । भौगोलिक दृष्टि से दो राज्यों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण राज्य मार्ग दुर्ग से सालेटेकरी के महत्वपूर्ण स्थान में परपोड़ी नगर पंचायत स्थित है । जाहिर है इस मार्ग के आसपास लगातार दुर्घटना होते रहती है । लेकिन अफसरशाही की धीमी गति से अब तक एंबुलेंस नहीं मिल पाया है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सूचना पटल के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परपोड़ी का क्षेत्र भटगांव सेक्शन में एक नगर पंचायत केंद्र परपोड़ी एवं ग्राम पंचायत भटगांव, ग्राम बुडेरा, ग्राम बगडूमार, ग्राम पंचायत कमकावाड़ा ग्राम सोनपांडर शामिल है जिसकी कुल आबादी 12994 है । गाड़ाडीह सेक्शन में कुल आबादी 7160 है । केहका सेक्शन में कुल आबादी 7350 हैं । कोंगियाकला सेक्शन में कुल आबादी 6870 है । कुरलू सेक्शन में कुल आबादी 9670 है । अंदाज लगा सकते हैं कि इस पूरी आबादी क्षेत्र में कोई घायल हो जाए, गंभीर रूप से बीमार हो तो एंबुलेंस 15 किलोमीटर दूर से ही आएगा। तब तक पीड़ित व्यक्ति की हालत क्या होगी आप खुद ही अंदाज लगा सकते हैं ।





### शीघ्र एंबुलेंस होगी उपलब्ध

विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार माननीय विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को एंबुलेंस के लिए पत्र लिखा है शीघ्र ही एंबुलेंस उपलब्ध होगा। - राजेश अग्रवाल, निजी सहायक, विधायक, साजा विधानसभा मतक्षेत्र

### क्या कहते है अधिकारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परपोड़ी में एंबुलेंस नहीं होने की जानकारी राज्य शासन को है ।
डॉक्टर ऐश्वर्य कुमार साहू, आरएमए, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

## प्रेसवार्ताः मनरेगा में संशोधन पर कांग्रेस का हमला, भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

# 125 दिन का प्रावधान महज़ जुमला, काम के संवैधानिक अधिकार पर सीधा हमलाः पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा




कांग्रेस ने मनरेगा में प्रस्तावित बदलावों को लेकर भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। मनरेगा बचाव अभियान के तहत बेमेतरा में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीब और मज़दूर परिवारों के लिए काम का संवैधानिक अधिकार था, जिसे केंद्र सरकार समाप्त करने पर आमादा है।

पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि मनरेगा के तहत देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कानूनी गारंटी के साथ रोज़गार मिलता था। किसी भी ग्राम पंचायत में काम माँगने पर 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध कराना सरकार की बाध्यता थी, लेकिन अब इसे सरकार की मर्जी से बाँटी जाने वाली "रेवड़ी" में बदल दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब यह तय दिल्ली से होगा कि किस पंचायत को काम मिलेगा और किसे नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रचारित "125 दिन रोज़गार" का दावा महज़ एक जुमला है। मोदी सरकार का पिछला रिकॉर्ड बताता है कि उसकी मंशा मनरेगा को मजबूत करने की नहीं, बल्कि उसे धीरे-धीरे खत्म करने की है। अनिला भेड़िया ने कहा कि मनरेगा में मज़दूरी न्यूनतम मज़दूरी कानून के तहत तय होती थी और हर साल उसमें बढ़ोतरी का प्रावधान था। साल के 365 दिन काम उपलब्ध रहने से ग्रामीण परिवारों के पास आय का एक सुरक्षित विकल्प मौजूद रहता था। लेकिन नए बदलावों के बाद न तो न्यूनतम मज़दूरी की कोई गारंटी रहेगी और न ही वार्षिक बढ़ोतरी की। फसल कटाई के मौसम में काम पर रोक से मज़दूरों की सौदेबाज़ी की ताकत खत्म हो जाएगी और वे किसी भी दर पर काम करने को मजबूर होंगे।

### ग्राम पंचायतों से छीना जाएगा अधिकार

पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि अब मनरेगा के फैसले दिल्ली के रिमोट कंट्रोल से लिए जाएंगे। पहले ग्राम पंचायत और ग्राम सभा को विकास कार्यों की योजना बनाने और सिफारिश करने का अधिकार था। ठेकेदारों पर प्रतिबंध था और स्थानीय मनरेगा मेट्स मज़दूरों की मदद करते थे। अब पंचायतें अपने अधिकार खोकर केवल केंद्र सरकार के आदेश लागू करने वाली एजेंसी बन जाएंगी। ठेकेदारों की एंट्री होगी और मज़दूरों को ठेकेदारों की परियोजनाओं के लिए सिर्फ लेबर सप्लाई बनाकर रख दिया जाएगा। स्थानीय स्तर पर काम कराने वाले मनरेगा मेट्स की भूमिका भी खत्म हो जाएगी।

### राज्यों पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ

अनिला भेड़िया ने कहा कि पहले मनरेगा के तहत मज़दूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी, जिससे राज्य सरकारों को बिना कठिनाई के काम उपलब्ध कराना संभव होता था। अब राज्यों को 40 प्रतिशत मज़दूरी खुद वहन करनी होगी। इससे खर्च बचाने के लिए कई राज्य काम ही न देने का रास्ता अपना सकते हैं, जिसका सीधा नुकसान मज़दूरों को होगा।

### कोविड काल में मनरेगा बना था जीवनरेखा

पूर्व मंत्री ने याद दिलाया कि कोविड-19 महामारी और अचानक लगाए गए लॉकडाउन के दौरान लाखों प्रवासी मजदूर बेरोजगार होकर अपने गांव लौटे थे। उस संकट की घड़ी में मनरेगा ने 4.6 करोड़ परिवारों को रोजगार देकर सहारा दिया था। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से मनरेगा देश के मजदूरों की जीवनरेखा रही है, जिसे अब खत्म किया जा रहा है।कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में कहा कि मनरेगा पर किया गया यह हमला ग्रामीण भारत, गरीबों और मजदूरों के भविष्य पर हमला है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कांग्रेस का ऐलानः सड़कों से संसद तक संघर्षः** प्रेसवार्ता में अनिला भेड़िया ने कहा कि मोदी सरकार ने मजदूरों के लिए आखिरी सुरक्षा कवच, यानी काम के कानूनी अधिकार को समाप्त कर दिया है। कांग्रेस इस फैसले के खिलाफ गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी और हर स्तर पर संघर्ष करेगी। प्रेस वार्ता में बिलासपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष ठाकुर, महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कविता साहु, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी, जिला पंचायत सदस्य सुशील जोशी, बालकुमारी ध्रुव, शशी प्रभा गायकवाड़, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री हरीश साहु व ललित विश्वकर्मा, टीआर जनार्दन, सनतधर दीवान, मनोज शर्मा, दिनेश पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

साइबर सेल बेमेतरा एवं पुलिस चौकी कंडरका की संयुक्त टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गई मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी भुषण यादव (27) निवासी ग्राम बोरसी, चौकी कंडरका थाना बेरला, जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 जनवरी को रात्रि लगभग 8 बजे ग्राम बोरसी के यात्री प्रतीक्षालय के सामने पक्की सड़क के खुले स्थान से उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 25 आर 1987 (सिल्वर रंग), जिसकी कीमत लगभग 45,000 है, अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम सिलघट निवासी मोनू मरकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना को स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल सीजी25 आर 1987 को बरामद कर विधिवत जप्त किया गया।

- मुखबिर की सूचना पर दबोचा गया आरोपी, पूछताछ में कबूला जुर्म

### आरोपी गिरफ्तार

आरोपी मोनू मरकाम उर्फ मोन्टू को को विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इस संपूर्ण कार्रवाई में प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक मयंक मिश्रा, चौकी प्रभारी कंडरका उप निरीक्षक डी.एल. सोना, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक योगेश यादव, आरक्षक संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, संतोष धीवर, तथा चौकी कंडरका से प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी, आरक्षक मुरली प्रसाद सोनी एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे ।

# जिले में भी धान की बंदरबाट कवर्धा से भी बड़े घोटाले की आशंकाः आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



कवर्धा जिले के धान संग्रहण केंद्र में सामने आए बहुचर्चित घोटाले को लेकर अब बेमेतरा जिले में भी सियासी पारा चढ़ने लगा है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कवर्धा का धान घोटाला महज एक झलक है, असली खेल तो पूरे छत्तीसगढ़ में चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि बेमेतरा जिले के सरदा और लेजवारा धान संग्रहण केंद्रों में कवर्धा से भी बड़ा धान घोटाला होने की पूरी आशंका है।

- कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कवर्धा सिर्फ ट्रेलर, बेमेतरा में पूरी पिक्चर

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की जननी बन चुकी है। धान खरीदी जैसे संवेदनशील विषय में भी भाजपा और उसके जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से खुलेआम लूट मची हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेमेतरा जिले में भाजपा जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में बड़े पैमाने पर धान का हेरफेर किया गया है। आशीष छाबड़ा ने जिला कलेक्टर और जिला विपणन अधिकारी से मांग की कि जिले के सभी धान संग्रहण केंद्रों में रखे धान की वास्तविक भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) कराया जाए, ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो यह मामला भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपुष्ट जानकारियों का हवाला देते हुए चौंकाने वाला दावा किया कि सरदा और लेजवारा धान संग्रहण केंद्रों से लगभग 52 हजार क्विंटल धान गायब है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि अंत में अधिकारी ▸▸| शेष पेज 13 पर

### तत्काल जांच नहीं तो सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

आशीष छाबड़ा ने जिला कलेक्टर और जिला विपणन अधिकारी से मांग की कि बेमेतरा जिले के सभी धान संग्रहण केंद्रों का तत्काल भौतिक सत्यापन कराया जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि मामले को दबाने की कोशिश की गई तो कांग्रेस पार्टी जिलेभर में उग्र जन आंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया है। कांग्रेस किसानों की मेहनत की कमाई की एक-एक दाने की रक्षा के लिए आखिरी दम तक संघर्ष करेगी।

# सहयोग बेमेतरा की पहल पर हरियाली से सजेगा मंडी प्रांगण, आज होगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सहयोग बेमेतरा' संस्था द्वारा आज रविवार, 11 जनवरी एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण, बेमेतरा में प्रातः 7:30 बजे से प्रारंभ होगा।

इस अभियान के अंतर्गत स्थानीय नागरिक, समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी एकजुट होकर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण करेंगे, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम के मुख्य सौजन्यकर्ता प्रॉपर्टी डीलर बंटी (दिलीप) चाचा, अध्यक्ष माहेश्वरी युवा संगठन बेमेतरा हैं, जिनके सहयोग से यह आयोजन संपन्न हो रहा है। पौधरोपण कार्यक्रम में पवन वर्मा अपने लक्ष्य ग्रुप एवं प्रवीण खलको रक्षित निरीक्षक एवं यातायात प्रभारी, अपने नव प्रशिक्षु नगर सैनिकों के साथ व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा अपनी पूरी टीम के साथ सहभागिता करेंगे। 'सहयोग बेमेतरा' की टीम ने "पौधा लगाएं, पर्यावरण बचाएं" के संदेश के ▸▸| शेष पेज 13 पर

# राष्ट्रीय जू-जित्सू चैंपियनशिप में साजा की बेटियों का दबदबा, टोमेश्वरी ने जीता गोल्ड




**साजा।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित 'नेशनल जू-जित्सू चैंपियनशिप' में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, साजा की छात्राओं ने अपने कौशल का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण सहित कुल पांच पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों को मात देकर इन बालिकाओं ने अपनी मेहनत का परिचय दिया। विजेताओं का प्रदर्शन टोमेश्वरी साहूः अंडर-12 (25 किग्रा) वर्ग के नेवाजा सिस्टम में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया तोषी सिन्हाः अंडर-14 (32 किग्रा) वर्ग में प्रतिभा दिखाते हुए नेवाजा सिस्टम में सिल्वर और फाइटिंग में ब्रोंज मेडल जीता।हेमलता निषादः अंडर-14 (28 किग्रा) वर्ग में फाइटिंग में सिल्वर और नेवाजा सिस्टम में कांस्य पदक हासिल किया। छात्राओं की इस ऐतिहासिक सफलता पर राज्य कार्यालय से सहायक संचालक करन चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी, और विद्यालय की अधीक्षिका शिल्पा तिवारी सहित समस्त स्टाफ ने खुशी जाहिर की है। नगरवासियों और पालकों ने बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे निरंतर अभ्यास का प्रतिफल बताया है।

## उप संचालक कृषि ने किया मैदानी निरीक्षण

# ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों का सफल बीज उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



जिले में जल संरक्षण एवं कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में कृषकों द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को अपनाने के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में बेमेतरा जिले के ग्राम जेवरा, जिया, पत्थर्रा एवं रवेली में इस वर्ष कृषकों द्वारा चना, गेहूँ, सरसों एवं रागी जैसी वैकल्पिक फसलों का बीज उत्पादन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्पादित सभी फसलों का संबंधित बीज निगम में विधिवत पंजीयन कराया गया है।

कार्यक्रम की प्रगति एवं गुणवत्ता का आकलन करने हेतु 10 जनवरी उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना द्वारा मैदानी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर संबंधित कृषि अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि ने खेतों में लगी फसलों की स्थिति का विस्तार से अवलोकन किया। कृषकों द्वारा बीज उत्पादन हेतु ली गई फसलें सामान्यतः अच्छी, स्वस्थ एवं संतोषजनक अवस्था में पाई गईं। फसलों में किस्म की शुद्धता, पौधों की समान वृद्धि एवं विकास का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया। मैदानी निरीक्षण में यह भी पाया गया कि कृषक बीज निगम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का समुचित पालन करते हुए कृषि कार्य कर रहे हैं। खेतों में फसल स्वास्थ्य, खरपतवार नियंत्रण, रोग एवं कीट प्रबंधन की स्थिति संतोषजनक रही।

### दिया गया आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन

इस दौरान उप संचालक कृषि द्वारा कृषकों को बीज उत्पादन की गुणवत्ता बनाए रखने, शुद्धता संरक्षण, समय पर रोग-कीट नियंत्रण तथा वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग संबंधी आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। निरीक्षण उपरांत यह स्पष्ट हुआ कि बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत ली गई वैकल्पिक फसलें अच्छी अवस्था में हैं तथा कृषक इस कार्यक्रम में रुचि लेकर निर्धारित मानकों का गंभीरता से पालन कर रहे हैं। इससे न केवल कृषकों की आय में वृद्धि की संभावना है, बल्कि जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार एवं टिकाऊ कृषि को भी बल मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**कवर्धा।** ऑल इण्डिया टाइगर एस्टीमेशन–2026 के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को काष्ठागार सभागार, कवर्धा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन वनमंडलाधिकारी, कवर्धा निखिल अग्रवाल के निर्देशन में, अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा श्रीमती अनिता साहू के मार्गदर्शन केके साहू, परिक्षेत्र अधिकारी, भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग को कई महत्वपूर्ण और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# मोदी सरकार मनरेगा फंड काट-काट कर खत्म करने की साजिश कर रही है: गुरु रूद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के अंतर्गत पत्रकार वार्ता में मोदी सरकार पर मनरेगा को योजनाबद्ध तरीके से खत्म करने का गंभीर आरोप लगाया। गुरु रूद्र कुमार ने कहा कि मनरेगा एक केन्द्रीय कानून था, जिसमें पहले 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा दी जाती थी, लेकिन अब केन्द्र ने अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए इसे 60-40 में बदल दिया है। इतना ही नहीं, पहले राज्य को 50 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी, तभी केन्द्र पैसा जारी करेगा। यह व्यवस्था जानबूझकर बनाई गई है ताकि कमजोर आर्थिक स्थिति वाले राज्य मजदूरों को काम ही न दें। उन्होंने कहा कि इस फैसले का सीधा मतलब है कि मनरेगा को धीरे-धीरे बंद करना। जैसे-जैसे राज्यों पर बजट का बोझ बढ़ेगा, वैसे-वैसे मजदूरों को काम मिलना बंद हो जाएगा। यह गरीबों के खिलाफ भाजपा सरकार की सोची-समझी साजिश है। पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अब राज्यों पर तथाकथित जी राम जी योजना के नाम पर लगभग 50,000 करोड़ रुपए का बोझ डालना चाहती है और उन्हें 40 प्रतिशत खर्च उठाने के लिए मजबूर कर रही है। यह संघीय ढांचे पर हमला और राज्यों की आर्थिक कमर तोड़ने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि मनरेगा देश के सबसे गरीब लोगों के लिए रोजगार की गारंटी थी, जिसने कोरोना जैसी आपदा में करोड़ों परिवारों को भुखमरी से बचाया। आज उसी योजना पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है। इसलिए यह नया बिल साफ तौर पर गरीब-मजदूर विरोधी है। प्रेस वार्ता में नवीन जायसवाल, वरिष्ट कांग्रेस नेता लालजी चंद्रवंशी, शहर अध्यक्ष अशोक ठाकुर, प्रभारी जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत, युवा नेता मनीष शर्मा, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी, सेवादल जिला अध्यक्ष पदुम सेन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष नारायणी टोंण्डे, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शितेश चंद्रवंशी, वरिष्ट नेता मन्नू राम चंद्रवंशी, डाकोर चंद्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष सौकि साहू, चोवा राम साहू, भगवान सिंह पटेल, हरि पटेल, सुधांशु बघेल, प्रशांत परिहार, टीकम शर्मा, भीखम पाण्डेय सत्येंद्र वर्मा, वाल्मिकी वर्मा, आंनद चंद्रवंशी, मेहुल सत्यवंशी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 100 दिन से 125 दिन काम की बात केवल राजनीतिक छलावा :नवीन




जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि 100 दिन से 125 दिन काम की बात केवल राजनीतिक छलावा है। सच्चाई यह है कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार किसी भी साल औसतन 100 दिन का काम नहीं दे पाई। राष्ट्रीय औसत सिर्फ 38 दिन रहा है। छत्तीसगढ़ के 70 प्रतिशत गांवों में भाजपा सरकार आने के बाद मनरेगा का काम लगभग ठप है। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों का कानूनी अधिकार था, जिसे अब एक एडमिनिस्ट्रेटिव कृपा में बदल दिया गया है, जो पूरी तरह केंद्र सरकार की मर्जी पर निर्भर है। भाजपा एक बार फिर भगवान राम के नाम पर झूठ बोल रही है। जिस व्हीबीजीआरएएमजी को राम बताया जा रहा है, उसका भगवान राम से कोई लेना-देना नहीं है। प्रदेश सचिव पीसीसी वीरेंद्र जांगड़े कहा कि यदि मनरेगा की कानूनी गारंटी बहाल नहीं की गई, केंद्र की पूरी वित्तीय जिम्मेदारी सुनिश्चित नहीं हुई और मजदूरों को पूरा काम नहीं मिला, तो कांग्रेस पार्टी राज्य-भर में उग्र जन आंदोलन करेगी।

**आस्था से खिलवाड़:** धर्मनगरी कवर्धा स्थित काली गर्डन के शिवमंदिर में तोड़फोड़, सनातनियों में रोष

# सनातनियों की आस्था पर फिर चोट मंदिर से शिव लिंग गायब, नंदी खंडित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सनातनधर्मियों के जिले में स्थापित आस्था के केन्द्र मंदिर, देवालय व शिवालयों में तोड़फोड़, चोरी तथा छेड़छाड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। स्थिति ये है कि कुछ-कुछ दिनो के अंतराल में इस तरह की घटनाओं की खबरें जिलेभर से सामने आ रही है। हद तो यह है कि इसी कड़ी में अब इस तरह का मामला धर्मनगरी और जिला मुख्यालय कवर्धा से सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित काली गार्डन में स्थापित एक शिव मंदिर से शुक्रवार-शनिवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा शिवलिंग को उखाड़ कर हटा दिया गया। वहीं मंदिर में स्थापित नंदी महाराज की प्रतिमा को भी उखाड़ कर खंडित कर दिया गया। बताया जाता है कि लोगों को इस बात की जानकारी शनिवार की सुबह उस समय हुई जब वे मंदिर में रोज की तरह पूजा अर्चना करने पहुंचे।

लोगों ने बताया कि मंदिर में स्थापित शिव लिंग गायब थे और नंदी महाराज की प्रतिमा खंडित पड़ी थी। कुछ ही देर में इस बात की खबर जंगल में आग की तरह पूरे धर्मनगरी में फैल गई और देखते ही देखते सनातनधर्मी और कांग्रेस पार्टी के नेता मौके पर पहुंच गए। लोगों ने घटना स्थल के आसपास मंदिर से गायब शिव लिंग को खोजने का काफी प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस बीच घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को भी दी गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर अपनी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। लेकिन अभी तक इस बात का कोई सुराग नहीं मिल पाया है कि इस कृत्य को किसने और क्यों अंजाम दिया है।

वहीं दूसरी तरफ शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह तथा प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि कबीरधाम जिले में सनातनियों की आस्था के साथ खिलवाड़ करते हुए उनके मंदिर, शिवालयों व देवालयों में लगातार तोडफोड़ की जा रही है। लेकिन हैरानी की बात है कि सनातन धर्म का चोला ओढ़कर लोगों को बरगलाने का काम करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार और उसके स्थानीय सत्ताधारी जनप्रतिनिधि इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

जिसके चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार सनातनधर्मियों की आस्था को चोट पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा सनातनधर्मियों ने इस मामले में तत्काल शासन-प्रशासन से कार्यवाही कर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

## लगातार मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं आ रही सामने



गौरतलब है कि जिले में सनातनधर्मियों के आस्था केन्द्र मंदिरो, शिवालयों व देवालयों में तोड़फोड़, चोरी का यह कोई पहला मामला नहीं है। अभी हाल ही की बात की जाए तो जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम महली के महादेव मंदिर से शिवलिंग चोरी का मामला सामने आया था। जिसकी रिपोर्ट ग्रामीणों ने पुलिस थाना में दर्ज कराई थी। जबकि इससे पूर्व जिले के हरमो, सारंगढ़, बोड़ला मुख्यालय के मां काली मंदिर, सरोधा रोड स्थित मां बंजारी मंदिर सहित पंडरिया ब्लाक के ग्राम कामठी में मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ चुकी है। निश्चित रूप से यह एक चिंताजनक विषय है जिस पर शासन-प्रशासन को गंभीरता दिखाने तथा इस तरह के कृत्यों को अंजाम देने वालों की पतासाजी कर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने किया गृह मंत्री का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में शनिवार को कवर्धा में प्रदेश के गृह मंत्री का विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया।

जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कवर्धा के काली गार्डन स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग को चोरी कर लिया गया इस घृणित घटना ने न केवल धार्मिक आस्था पर सीधा हमला किया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। इस शर्मनाक घटना से पूरे जिले में भारी आक्रोश व्याप्त है। शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष अशोक सिंह ने इस निंदनीय कृत्य के खिलाफ तथा जिले में व्याप्त अराजकता, अपराध और प्रशासनिक विफलता के विरोध में आक्रामक रुख अपनाते हुए गृह मंत्री का पुतला दहन कर सरकार को चेतावनी दी है कांग्रेस पार्टी ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस उग्र एवं आक्रामक आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के समस्त पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता साथी एवं कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और एक स्वर में अन्याय के खिलाफ संघर्ष का संकल्प लिया।

## बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने के लिए स्कूल कॉलेज में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान




**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम के माध्यम से कबीरधाम जिले में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम एवं बाल विवाह मुक्त भारत तथा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा ग्रेसियस कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं ग्रेसियस कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कवर्धा, श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा, ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल बिरकोना, डीएवी एमपीएस स्कूल धर्मपुरा, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा, डिवाइन पब्लिक स्कूल पांडातराई तथा सरदार पब्लिक स्कूल कुंडा में जाकर कॉलेज एवं स्कूल के विद्यार्थियों के साथ बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा उसकी रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से सभी जिलों की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी ग्राम पंचायतों में टीम द्वारा निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को ऑनलाइन लिंक एवं क्यूआर कोड के माध्यम से "बाल विवाह मुक्त" रहने की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस अभियान में महाविद्यालय एवं विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

# केन्द्रों से धान की धीमी रफ्तार, अभी तक खरीदी के विरूद्ध आधे से भी कम का उठाव

- समिति प्रबंधकों व किसानो को उठानी पड़ रही है भारी परेशानी, बंद हो सकती है खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला प्रशासन द्वारा अभी हाल ही में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में चल रही धान खरीदी की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों से नियमित रूप से धान के उठाव पर जोर देते हुए कहा था कि रोजाना जारी डीओ के विरुद्ध उठाव की रिपोर्टिंग की जाए। खरीदी केन्द्रो के नोडल अधिकारी भी उठाव को विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। उन्होने यह भी कहा था कि हर समिति में हो रही खरीदी, बफर लिमिट और उठाव की लगातार मॉनिटरिंग होनी चाहिए। लेकिन ऐसा लगता है कि संबंधित अधिकारियों ने कलेक्टर के निर्देशों को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया है। संभवतः यही वजह है कि जिले के धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी के विरूद्ध उठाव की रफ्तार काफी धीमी देखी जा रही है। समिति प्रबंधकों की माने धान के उठाव की धीमा रफ्तार के चलते अब तो कई केन्द्रों में खरीदी बंद करने की स्थिति निर्मित होते दिखाई दे रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में शासन द्वारा समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य गत 15 नवम्बर से प्रारंभ किया गया था और अभी तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक जिले के धान खरीदी केन्द्रों में करीब 3 लाख 48 मैट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है लेकिन जहां तक केन्द्रों से धान के उठाव की बात की जाए तो वह आधे से भी कम यानि करीब 1 लाख 5 हजार मैट्रिक टन ही हो पाई है। जबकि केन्द्रों में धान की खरीदी और आवक नियमित रूप से बनी हुई है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि केन्द्रों में कितनी बड़ी मात्रा में धान जाम पड़ा है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि उठाव के आभाव में कई केन्द्रों में अब धान रखने की जगह तक नहीं बची है और उन्हें सड़कों में धान रखने मजबूर होना पड़ रहा है जिसके कारण गांव के मार्ग का आवागमन बाधित हो रहा है और उन्हें लोगों के असंतोष तथा गुस्सा का भी सामना करना पड़ रहा है। समिति प्रबंधकों ने स्पष्ट किया है कि अगर जल्द ही धान का उठाव तेज नहीं किया गया तो खरीदी बंद करने की स्थिति निर्मित हो सकती है।



# डॉ.सियाराम सम्पन्न कराएंगे एमपी का सामाजिक चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अखिल भारतीय तैलिक महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सियाराम साहू को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षीरसागर द्वारा अखिल भारतीय तैलिक महासभा, मध्य प्रदेश भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव सम्पन्न कराने की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। जानकारी के मुताबिक यह चुनाव मध्य प्रदेश के सलकनपुर, जिला सीहोर में सम्पन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. सियाराम साहू पूर्व में भी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेक सामाजिक संगठनों के चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न करा चुके हैं। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश की सामाजिक, संगठनात्मक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों की गहन समझ होने के कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

**स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा की कल्पना को किया जाएगा साकार: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी**

# मेरे सपनों का कवर्धा विषय पर नपा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा नगरवासियों एवं विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का विषय मेरे सपनों का कवर्धा निर्धारित किया गया है।

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अंतिम तिथि 18 जनवरी 2026 रखी गई है। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। पहली श्रेणी आम नागरिकों के लिए तथा दूसरी श्रेणी कक्षा 10वीं से ऊपर के स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों को निबंध में कवर्धा नगर के विकास, स्वच्छता, हरियाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क सुरक्षा, यातायात, संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता एवं नागरिकों की जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे।

निबंध की कुल शब्द सीमा लगभग 30-35 शब्द की भूमिका, 80-90 शब्द का मुख्य भाग, एवं 25-30 शब्दों का निष्कर्ष होना चाहिए। इस तरह कुल 150 शब्दों की सीमा तय की गई है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

जिसमें प्रथम पुरस्कार 3100, द्वितीय पुरस्कार 2100 एवं तृतीय पुरस्कार 1100 निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त टॉप-20 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## 23 जनवरी को होगा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता से संबंधित पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से, पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में किया जाएगा। उन्होनें बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य नागरिकों और युवाओं को शहर के भविष्य के प्रति सोचने एवं सकारात्मक सुझाव देने का अवसर देना है। उन्होंने कवर्धा के नागरिकों एवं 10वीं से लेकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मेरे सपनों का कवर्धा अंतर्गत आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

## नगर के सपनों को अपने शब्दों में ढालने का अवसर

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आयोजित यह निबंध लेखन प्रतियोगिता केवल एक साहित्यिक आयोजन नहीं, बल्कि शहर के भविष्य को लेकर सामूहिक चिंतन की अनूठी पहल है। आमतौर पर विकास योजनाएं प्रशासनिक स्तर पर तय होती हैं, लेकिन इस प्रतियोगिता के माध्यम से नगर के नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों को सीधे अपनी सोच, सुझाव और सपनों को व्यक्त करने का अवसर दिया जा रहा है मेरे सपनों का कवर्धा विषय के जरिए प्रतिभागी नगर के विकास, स्वच्छता, हरियाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क सुरक्षा, यातायात, संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता एवं नागरिकों की जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। इससे न केवल नागरिकों की अपेक्षाएं सामने आएंगी, बल्कि प्रशासन को भी जमीनी स्तर से उपयोगी सुझाव प्राप्त होंगे, जो भविष्य की योजनाओं में मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं।

# बनते ही उखड़ रही सड़कें सांसद से हुई शिकायत



**डोंगरगढ़।** नगर में लाखों की लागत से सडक निर्माण शुरू हुआ है। निर्माण बिना अधिकारी इंजिनियर की देख रेख में अंधेरे में किया जा रहा है। हाल में रेल्वे चौक, नाला के नीचे भगत सिंग चौक, डोंगरगढ़ थाना के पीछे, इंदिरा नगर में सडक निर्माण किया गया है। ठेकेदार ने रात को निर्माण करा दिया हैं। सांसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। उन्होंने नगर पालिका के साथ रेल्वे विभाग के माध्यम से रेल्वे कालोनी में कराए जा रहे डामरीकरण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पिछले 6 माह से रेल्वे चौक से केंद्रीय विद्यालय तक डामरीकरण की स्वीकृति हुई थी। लगभग 6 सौ मीटर सडक में कई जगह दरारे आ गई है। कई जगह डामर उखड़ने लगा है। रेल्वे व्यापारी चौक के पास से तो रात में बनी सडक सुबह वाहन चलने से खराब हो गई है। व्यापारियों की नाराजगी के बाद श्री हत्थेल ने सांसद संतोष पांडे से इस मामले में बात की।

## खबर संक्षेप

### नंदिनी का बदमाश डॉ. दुष्यंत खोसला जिलाबदर

**भिलाई।** नंदिनी अहिवारा में अपना क्लीनिक खोलकर व्यवसाय की आड़ में लोगों को डराने, धमकाने एवं मारपीट कर दहशत का माहौल कायम करने का प्रयास किया गया था। इस दौरान डॉ. दुष्यंत खोसला के खिलाफ नंदिनी नगर में मारपीट करने, डराने-धमकाने की रिपोर्ट पर 5 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा डॉ. दुष्यंत खोसला को गुण्डा बदमाश की सूची में लाया गया था। लेकिन डॉ. दुष्यंत खोसला के आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकें। लेकिन खोसला के कृत्यों पर कोई सुधार नहीं हो पाया। लगातार समाज विरोधी एवं अपराधिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों में दहशत का माहौल उत्पन्न करता रहा। दुर्ग पुलिस ने उसके खिलाफ प्रतिवेदन जिलाधीश दुर्ग को भेजा। जिलाधीश दुर्ग ने डॉ. दुष्यंत खोसला के खिलाफ छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के प्रावधानों के तहत जिला दुर्ग, सरहदी जिला राजनांदगांव, रायपुर, धमतरी, बालोद, कबीरधाम की सीमाओं से एक वर्ष के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

### रंजिश के कारण मारपीट, गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के कारण घर में घुसकर लोहे के चापड़ से हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि महिला के घर में रात को गाली गलौज कर दरवाजा को ठोकर मारकर तोड़ा गया। दोनों युवक घर के भीतर घुस दबंगई दिखाने लगे। महिला का पुत्र बेटा सागर को जान से मार देने की धमकी देकर लोहे का चापड़ लहराते हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। सागर दौड़कर अपनी जान को बचा पाया। आरोपी युवक बाइक सीजी 07 सीजे 1478 से फरार हो गए। आरोपी में बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी जय कुमार रेड्डी को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ थानों में कई मामले दर्ज है।

### नशे का सामान के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** नशे का सामान बचने वाले पुलिस नो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार व पुरानी भिलाई तीन थाना क्षेत्र से पुलिस ने रजनीश पांडे से बिना नंबर बाइक नशीली कैप्सूल 192 , नगदी रकम 400 रुपए और दो फोन फोन, विपिन जेम्स से 312 कैप्सूल, मोबाइल,नगदी रकम 300 रुपए, श्याम कन्हैया विश्वकर्मा से प्रोक्सी को कैप्सूल 264 , मोबाइल, नगदी 350 रुपए, रंजीत राम से 280 कैप्सूल मोबाइल 250 नगदी रकम, अभिजीत साहू 296 नाग कैप्सूल,अरबाज खान 700 कैप्सूल,मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी खुर्सीपार से रजनीश पांडे, विपिन जेम्स, श्याम कन्हैया विश्वकर्मा, रंजीत राम, अभिजीत साहू,अरबाज खान उर्फ बाबू, इंद्रजीत सिंह, मोसिन उर्फ राजा, रोहित पासवान को गिरफ्तार किया गया था। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## पेज 11 के शेष

### सहयोग बेमेतरा की ...

साथ नगरवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। संस्था का मानना है कि सामूहिक प्रयासों से ही प्रकृति का संतुलन बनाए रखा जा सकता है, इसलिए अधिक से अधिक नागरिकों से रविवार सुबह मंडी प्रांगण पहुंचकर इस हरित अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

### जिले में भी धान की ...

यही कहकर पल्ला झाड़ लेंगे कि "धान चूहा खा गया", जबकि हकीकत इससे कहीं ज्यादा गंभीर है। उन्होंने कहा कि एक ओर किसान अपने ही धान को बेचने के लिए लंबे समय तक टोकन का इंतजार कर रहे हैं, तो दूसरी ओर शासन को करोड़ों रुपये का चूना लगाया जा रहा है। यह सीधे-सीधे आम जनता और किसानों की मेहनत की कमाई की लूट है। आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया कि पूरे छत्तीसगढ़ में अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं और भाजपा शासन में उन्हें खुली छूट मिली हुई है। किसानों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है, जबकि भ्रष्टाचारियों की जेबें भरने का काम धड़ल्ले से जारी है।

# संभाग स्तरीय साहू सम्मेलन व स्व. ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

18 जनवरी रविवार को दुर्ग में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं स्वर्गीय ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर बेमेतरा में एक संयुक्त बैठक संपन्न हुई। जिला साहू संघ महामंत्री देवेंद्र साहू ने जारी प्रेस बयान में बताया कि इस अवसर पर संयोजन समिति की ओर से विशेष रूप से मौजूद रहे जिला साहू संघ दुर्ग कार्यकारी अध्यक्ष लखनलाल साहू का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस ऐतिहासिक सम्मेलन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए गांव-गांव से समाजजन बड़ी संख्या में दुर्ग पहुंचेंगे। जिला अध्यक्ष ने जिले के सभी तहसील, परीक्षेत्रीय, ग्रामीण अध्यक्षों एवं प्रमुख पदाधिकारियों से अपील करते हुए निर्देशित किया कि दुर्ग संभाग का सशक्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए लखनलाल साहू ने सम्मेलन की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए स्व. ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 18 जनवरी, रविवार को मानस भवन के पास स्थित स्टेडियम, दुर्ग में संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा अध्यक्षता साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू करेंगे। प्रमुख अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साहू, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल उपस्थित रहेंगे। मंच पर दुर्ग संभाग के वर्तमान एवं पूर्व मंत्री, विधायक एवं जनप्रतिनिधिगण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजजनों के लिए भोजन व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

## जिला साहू संघ दुर्ग कार्यकारी अध्यक्ष लखनलाल साहू ने ली समाज प्रमुखों की बैठक



### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिले से प्रमुख रूप से रेखराम साहू (उपाध्यक्ष), बेनूराम साहू, देवेंद्र साहू (महामंत्री), रामकुमार साहू (कोषाध्यक्ष), पंचम साहू (प्रदेश प्रतिनिधि), टी.के. साहू, तथा विभिन्न क्षेत्रीय अध्यक्ष—हेमसिंह साहू (देवकर), गौकरण साहू (साजा), देवदत्त साहू (भिभौरी), रोहित साहू (बेमेतरा), गौतम साहू (नांदघाट), प्रेमू साहू (नवागढ़), मोहित साहू दाढ़ी, पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल बलदाऊ, जनता साहू, शीलू साहू, कमला साहू, सीमा साहू, परीक्षेत्रीय अध्यक्ष गजानन साहू, नंदकुमार साहू, स्वरूपा साहू सहित सैकड़ों समाजजन बैठक में मौजूद रहे।

## आयोजन

### सिंगदेही व आंदू में रामभक्ति से सराबोर रहा वातावरण

# अखंड नवधा रामायण में शामिल हुईं जिपं अध्यक्ष कल्पना तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

सिंगदेही एवं ग्राम आंदू में आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ शामिल हुईं। कार्यक्रम स्थल पर रामभक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला। अखंड नवधा रामायण के सस्वर पाठ एवं रामकथा के श्रवण से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि अखंड नवधा रामायण केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर ले जाने वाला महान आध्यात्मिक संदेश है। रामायण हमें कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन आज भी समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि नवधा भक्ति—श्रवण से लेकर आत्मनिवेदन तक—मनुष्य को अहंकार से मुक्त कर सेवा, विश्वास और विनम्रता की भावना से भर देती है। यह भक्ति केवल पूजा तक सीमित नहीं रहती, बल्कि हमारे आचरण,

## नवधा भक्ति जीवन को देती है सत्य धर्म और मर्यादा की दिशा : कल्पना



व्यवहार और सोच को भी सकारात्मक दिशा प्रदान करती है।

### सामाजिक एकता की भावना को प्रबल बनाते हैं ऐसे आयोजनः कल्पना

कल्पना योगेश तिवारी ने आगे कहा कि ग्रामीण अंचलों में अखंड नवधा रामायण जैसे आयोजन आध्यात्मिक चेतना को जागृत करते हैं तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे से जोड़कर सामाजिक एकता की भावना को प्रबल बनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में, जब युवा पीढ़ी भौतिकता की ओर अधिक आकर्षित हो रही है, ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन उन्हें अपनी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनते हैं। नवधा रामायण नई पीढ़ी को संस्कार, नैतिकता और जीवन के सही उद्देश्य का बोध कराती है। अंत में उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजन परिवारों में सद्भाव, समाज में सकारात्मकता और गांवों को संस्कारित व सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। उन्होंने प्रभु श्रीराम से सभी ग्रामवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और सद्भावपूर्ण जीवन की कामना की।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान ग्राम सिंगदेही में सरपंच दूरपत जागेश्वर साहू, अनीता साहू, सतरूपा साहू, गोदावरी साहू, तीजिया यादव, ललिता साहू, जीवन दास मानिकपुरी, उपसरपंच नारायण साहू, दीपक साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं ग्राम आंदू में पूर्व जनपद सभापति हेमंत वैष्णो, सरपंच सरजूराम साहू, उपसरपंच कमल किशोर साहू, ललित साहू, राजकुमार साहू, गेंदूराम साहू, हरि साहू, रतिराम साहू, पहलाद सेन, सेतूराम साहू, संतोष साहू, रोशनी साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एवं आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# लालपुर स्कूल में हुई पालक शिक्षक तृतीय चरण बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर, विकासखंड नवागढ़ में दिनांक 10 जनवरी को पालक-शिक्षक तृतीय चरण की मेगा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर विद्यालय एवं पालकों के बीच बेहतर समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बच्चों की शाला में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, समय पर स्कूल भेजने, पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करने तथा बच्चों की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी पालकों को देने पर विशेष जोर दिया गया। प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने बताया कि बच्चों की गुणवत्ता में सुधार हेतु एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमेरसी) पर विशेष कार्य किया जा रहा है। साथ ही अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम, छात्रवृत्ति, जाति-निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता खुलवाने, बच्चों के आकलन, प्रिंट-रिच वातावरण तथा शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु रणनीति पर चर्चा की गई। संकुल समन्वयक सतीश कुर्रे ने बच्चों की गुणवत्ता सुधार के लिए प्रिंट-रिच सामग्री के नियमित उपयोग, जादुई पिटारा, मुस्कान पुस्तकालय, विज्ञान किट के प्रयोग पर बल दिया। साथ ही कमजोर एवं लंबे समय से अनुपस्थित बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय से जोड़ने हेतु ग्रामीणजनों से सहयोग की अपील की। मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक रामायण मनहरे ने उपचारात्मक शिक्षण के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों एवं अभ्यास पुस्तिकाओं के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। वहीं शिक्षक शांत कुमार पटेल ने सुरक्षित शनिवार के अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तकों के उपयोग, सामुदायिक सहयोग, विविध गतिविधियों, विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं खेलकूद व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन पर अपने विचार रखे।

- बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं शैक्षणिक प्रगति में पालकों से सहयोग की अपील

### ये रहे उपस्थित

बैठक में पालकों के साथ संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे, प्रधान पाठक रामायण मनहरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शांत कुमार पटेल, सफाई कर्मचारी हेमचंद बर्मन, विश्वजीत चंदेल, रसोइया सुनीता कुर्रे, अनिता कुर्रे एवं कीर्ति कुर्रे उपस्थित रहे।

# सच्चा प्रेम व भक्ति देवताओं को भी पृथ्वी पर आने पर विवश कर देता हैः आचार्य बिरेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अकलवारा में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण के छठवें दिन भगवान श्री कृष्णा और रुक्मणी के विवाह का प्रसंग बहुत ही सुंदर तरीके से बताया गया। जिससे श्रोता भाव विभोर हो गए। ग्रामीण खुशी और उमंग से नृत्य करने लगे।

गाँव की महिलाएं विधि विधान से श्रीकृष्ण और रुक्मणी का विवाह संपन्न कराया। चुलमाटी से लेकर के तेल, मायन, बारात स्वागत, वरमाला और साखोचार के द्वारा विवाह संपन्न कराया। ग्रामीण बजे गाजे के साथ और नृत्य करते हुए इस मांगलिक कार्य में शामिल हुए।

ग्राम में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण के छठवें दिन ब्यास गद्दी पर आसीन आचार्य बिरेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीकृष्ण और रुक्मणी का विवाह एक अनोखी प्रेम कहानी है, जहाँ रुक्मणी ने श्रीकृष्ण को मन ही मन पति मान लिया था, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने शिशुपाल से विवाह तय कर दिया। श्रीकृष्ण ने रुक्मणी का हरण कर, युद्ध में शिशुपाल और रुक्मी को हराकर, उन्हें द्वारका ले जाकर भव्य समारोह के साथ विवाह किया, जो उनकी निस्वार्थ भक्ति और दिव्य प्रेम का प्रतीक है। विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मणी ने श्रीकृष्ण के गुण, रूप और पराक्रम के बारे में सुनकर उन्हें अपना सर्वस्व मान लिया, भले ही उन्होंने कृष्ण को कभी देखा नहीं था। रुक्मणी के भाई रुक्मी, श्रीकृष्ण से शत्रुता रखते थे और अपनी बहन का विवाह क्रूर राजा शिशुपाल से कराना चाहते थे। विवाह से पहले, रुक्मणी ने श्रीकृष्ण को एक पत्र भेजकर उनसे अपनी रक्षा करने और उनसे विवाह करने की विनती की। रुक्मणी के निमंत्रण पर श्रीकृष्ण विदर्भ पहुँचे।

रुक्मणी जब मंदिर से लौट रही थीं, तब श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर लिया और उन्हें अपने रथ में बिठाकर द्वारका ले गये। शिशुपाल और रुक्मी सहित कई राजाओं ने श्रीकृष्ण का पीछा किया, जिससे भयंकर युद्ध हुआ। बलराम और श्रीकृष्ण ने सभी को पराजित किया। रुक्मणी के अनुरोध पर श्रीकृष्ण ने रुक्मी के बाल और मूँछें मुंडवाकर उसे छोड़ दिया। श्रीकृष्ण और रुक्मणी द्वारका पहुँचे, जहाँ पूरे नगर को फूलों, दीपों और रंगोली से सजाया गया। सभी देवी-देवताओं, ऋषि-मुनियों और यदुवंशियों की उपस्थिति में यह दिव्य विवाह संपन्न हुआ।

## मानस गान सम्मेलन 13 और 14 को

**तुमडीबोड़।** भगत युवा संगठन तथा ग्रामवासियों के सहयोग से मानस गान सम्मेलन का आयोजन आगामी 13 और 14 जनवरी को रखा गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की 16 सर्वाधिक लोकप्रिय मानस मंडलियों प्रस्तुति देंगी। आयोजक भगत युवा संगठन एवं ग्रामवासियों ने अंचल के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

# हर्षवर्धन तिवारी बने किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक

**बेमेतरा।** प्रदेश भाजपा संगठन ने किसान हितों को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सहकारिता क्षेत्र से लंबे समय से जुड़े हर्षवर्धन तिवारी को भाजपा किसान मोर्चा के महत्वपूर्ण प्रकल्प 'किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)' का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति को संगठन में किसान केंद्रित राजनीति को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा निर्णय माना जा रहा है।



हर्षवर्धन तिवारी को मिले इस दायित्व के तहत वे प्रदेशभर में किसान उत्पादक संगठनों को संगठित कर किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, बेहतर बाज़ार व्यवस्था, लागत में कमी और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति की खबर से जहां भाजपा संगठन में उत्साह है, वहीं क्षेत्र के किसानों में भी हर्ष का माहौल देखा जा रहा है।हर्षवर्धन तिवारी की नियुक्ति पर भाजपा संगठन के कई वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में विधायक दीपेश साहू,जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू,प्रदेश मंत्री श्रीमती संध्या परगनिया,प्रदेश संयोजक अवधेश चंदेल,रजक कार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक,नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,रायपुर जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा,पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

### संगठन ने जताया भरोसा, किसानों में बढ़ी उम्मीद

नए दायित्व मिलने पर हर्षवर्धन तिवारी ने प्रदेश भाजपा नेतृत्व, जिला नेतृत्व एवं सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किसानों के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि एफपीओ के माध्यम से छोटे एवं सीमांत किसानों को संगठित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना उनका प्राथमिक लक्ष्य रहेगा।चर्चा के दौरान श्री तिवारी ने एफपीओ की अवधारणा को विस्तार से स्पष्ट करते हुए बताया कि किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) किसानों द्वारा बनाया गया एक सामूहिक संगठन होता है, जिसका उद्देश्य छोटे किसानों को आर्थिक, तकनीकी और विपणन स्तर पर मजबूत बनाना है। एफपीओ के माध्यम से किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद एवं कृषि इनपुट,आधुनिक कृषि तकनीक एवं प्रशिक्षण,कृषि उपज की प्रोसेसिंग, भंडारण एवं मार्केटिंग ,सीधे बाज़ार से जुड़ाव और बेहतर मूल्य,जैसी सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जाती हैं। एफपीओ किसानों की सौदेबाजी की शक्ति बढ़ाने, उत्पादन लागत घटाने और मुनाफा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### राजनीतिक दृष्टि से अहम नियुक्ति

राजनीतिक जानकारों के अनुसार, यह नियुक्ति भाजपा की किसान केंद्रित रणनीति को और धार देने वाली मानी जा रही है। सहकारिता क्षेत्र में हर्षवर्धन तिवारी के अनुभव का लाभ अब प्रदेशभर के किसानों को मिलेगा। एफपीओ के माध्यम से किसानों को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में यह फैसला आगामी समय में भाजपा के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

## 21वीं सदी की दक्षताओं से प्रशिक्षित हुए शिक्षक, भिन्भौरी व गोंडगिरी जोन के 45 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

# भिन्भौरी में हुआ नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण जोन केंद्र भिन्भौरी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में भिन्भौरी एवं गोंडगिरी जोन के कुल 45 शिक्षकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को 21वीं सदी की आवश्यक दक्षताओं से सशक्त करना था, ताकि वे नवीन शैक्षिक परिवर्तनों के अनुरूप अपने अध्यापन कौशल को विकसित कर सकें। प्रशिक्षण के समापन समारोह में जोन प्राचार्य भिन्भौरी गुरमीत कौर, संकुल प्राचार्य भरदा विष्णु प्रसाद साहू तथा पूर्व जोन प्राचार्य महेंद्र वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से शिक्षकों से अपील की कि प्रशिक्षण में



सीखी गई तकनीकों को अपनी कक्षाओं में प्रभावी रूप से लागू करें, जिससे प्रशिक्षण का उद्देश्य सार्थक हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा में निरंतर परिवर्तन होते रहते हैं, ऐसे में पूर्व अर्जित ज्ञान को और अधिक परिष्कृत करने के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान एससीईआरटी से एफएलएन प्रकोष्ठ प्रभारी सुमित पांडे ने आकस्मिक निरीक्षण कर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भविष्य में अन्य कक्षाओं के पाठ्यक्रम में भी परिवर्तन संभव है, जिसके लिए शिक्षकों को मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बेरला कमलेश निषाद ने भी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर शिक्षकों से प्रशिक्षण संबंधी मूलभूत जानकारी प्राप्त की तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वहीं विकासखंड बेरला के प्रशिक्षण प्रभारी सुरेंद्र पटेल ने कहा कि बदलते समय के साथ अध्यापन पद्धतियों में भी परिवर्तन आवश्यक है, तभी शिक्षण प्रभावी हो सकेगा।

### केवरा सेन ने पियर लर्निंग पर डाला प्रकाश

मास्टर ट्रेनरों में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित केवरा सेन ने 'नवा जतन' की अवधारणा के अंतर्गत पियर लर्निंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कठिन विषयों को इस पद्धति से सरलता से समझाया जा सकता है।

मास्टर ट्रेनर जोगीराम वर्मा ने अंग्रेजी विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि कक्षा 1 से 3 की पुस्तकें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, एनसीएफ एफसी 2022 एवं एनसीएफ एसई 2023 के अनुरूप थीम आधारित हैं। गणित विषय के मास्टर ट्रेनर गोवर्धन मरकाम ने बताया कि एफएलएन का उद्देश्य 3 से 9 वर्ष के बच्चों को गणितीय आधारभूत दक्षताओं में निपुण बनाना है। वहीं भाषा विषय पर मास्टर ट्रेनर शाहिद जमाल ने सुनना, बोलना, पठन और लेखन के क्रमिक विकास पर जोर देते हुए कहा कि इससे विद्यार्थी समझ के साथ पढ़ने की दक्षता निर्धारित समय में प्राप्त कर सकते हैं। जोन समन्वयक श्यामलाल साहू ने प्रशिक्षण की व्यवस्थागत व्यवस्थाओं की सराहना की। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रशिक्षण प्रभारी मनोज वर्मा द्वारा किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संकुल समन्वयक जागृत दास, बारले सुरेंद्र देवदास, उत्तम साहू, राज राजेश्वर चंद्राकर, किशोर सिन्हा, सुरेश चंद्राकर सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### स्थानीय विश्रामग्रह में हुई पत्रकार संघ की बैठक

**साजा।** साजा श्रमजीवी पत्रकार संघ साजा इकाई की बैठक स्थानीय विश्रामग्रह में आयोजित की गयी। बैठक मे विभिन्न विषयों पर चर्चा के पश्चात श्रमजीवी पत्रकार संघ साजा का गठन किया गया जिसमे बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसहमति से युवा पत्रकार प्रवीण शर्मा अध्यक्ष चुने गये वही डेनिस यादव को सचिव बनाया गया। बैठक के दौरान सभी पत्रकारों ने आपसी एकजुटता बनाए रखने, निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता को बढ़ावा देने तथा समाजहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार राजू शर्मा,संतोष शर्मा,कमलाकांत मिश्रा, सोनू श्रीवास, विक्की जायसवाल, भास्कर गुप्ता, निजबुद्दीन कुरैशी उपस्थित रहे।

## बैठक

### थानखम्हरिया में भाजपा महिला मोर्चा की हुई बैठक

# मोदी सरकार में महिला सशक्तिकरण को मिली नई दिशाः प्रज्ञा निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

स्थानीय रेस्ट हाउस में भाजपा महिला मोर्चा मंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत संबोधन में नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने कहा कि प्रज्ञा निर्वाणी हमारे गांव की बेटी हैं, जिन्हें जिले में महिलाओं के नेतृत्व और संगठन की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। यह पूरे नगर के लिए गर्व का विषय है। उनके नेतृत्व में महिलाओं को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और सशक्त मंच मिलेगा।



मुख्य वक्ता प्रज्ञा निर्वाणी ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि वे परिवार के सदस्य के रूप में सभी से मिलने आई हैं। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी तक जिले की महिला मोर्चा की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज के संचालन में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब महिला घर से बाहर निकलती है तो वह केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे परिवार की व्यवस्था को ध्यान में रखकर आगे बढ़ती है। उन्होंने महिलाओं से अपनी शक्ति पहचानने का आह्वान करते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी रूप में कमजोर नहीं हैं, बल्कि देश की आधी आबादी का नेतृत्व कर रही हैं। प्रज्ञा निर्वाणी ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मोदी सरकार की योजनाओं को मील का पत्थर बताते हुए उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना एवं पक्के शौचालय निर्माण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से महिलाओं को धुएं, बीमारी, पानी की समस्या और असुरक्षा जैसी वर्षों पुरानी परेशानियों से राहत मिली है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाएं, क्योंकि राष्ट्र निर्माण और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की भूमिका निर्णायक है। अपने संबोधन के अंतिम चरण में उन्होंने पूर्व कृषि मंत्री एवं विधायक के कार्यकाल के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ हुए कथित अपमानजनक व्यवहार पर भी कटाक्ष किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर राजपूत ने किया। बैठक में नमिता सिन्हा, सरिता जैन, रेखा शर्मा, टिकम अग्रवाल, शिवानी यादव, सरपंच चितरेन साहू, मीना राजपूत सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी घनश्याम ठाकुर, रोहित राजपूत, लालाराम साहू, हीरामणि साहू, सूरज पाल, आदर्श जोशी, प्रवेश नेताम, सोनू शर्मा, कृष्णा वैष्णव उपस्थित रहे।

# डाइट बेमेतरा में योग शिक्षा उन्मुखीकरण का प्रशिक्षण 12 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ चारों विकासखंड के 70 शिक्षक शिक्षिकाएं लेंगे भाग

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के दिशा निर्देश पर जिला शिक्षा संस्थान डाइट में जिले के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल व हायर सेकंडरी में अध्यापनरत शिक्षकों/ व्याख्याताओं का पाँच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का कार्यक्रम 12 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए डाइट बेमेतरा में प्राचार्य जे के घृतलहरे और योग प्रशिक्षण प्रभारी थलज कुमार साहू की उपस्थिति में विस्तृत रुपरेखा बनाई गई है । वही तीन मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है। जिसमें दीपक कुमार यादव शिक्षक प्रतापपुर, रामकुमार साहू शिक्षक खाम्ही, नीलिमा साहू शिक्षिका उत्तर बुनियादी शाला बेमेतरा शामिल है। जबकि शिक्षक भरत लाल साहू पिकरी, वरिष्ठ योगाचार्य विशेष अतिथि, मास्टर ट्रेनर्स के रूप में सहयोग करेंगे। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि इस योग शिक्षा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में हमारे दैनिक जीवन में योग का महत्व, योगासन हेतु सावधानियां, योग का सामान्य परिचय, षटकर्म, विभिन्न आसन, प्राणायाम रहस्य, योग द्वारा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास, अष्टांग योग, योग मुद्रा, त्रिबंध, एवं आहार, जड़ी बूटी का रहस्य, एक्यूप्रेशर का परिचय एवं उसका महत्व, अष्ट चक्र का ज्ञान, बीमारियों के अनुसार आसन, नशा नाश का कारण तथा योग से मानसिक विकास कैसे करें। इस पर मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा विस्तृत चर्चा की जाएगी। योग प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन प्रातः 9.30 से शाम 5.30 तक रहेगा। इसमें प्रशिक्षार्थियों के लिए आवास के साथ साथ चाय नाश्ता व भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। यह प्रशिक्षण स्वैच्छिक रूप से आवासीय है। इसमें प्रतिदिन सुबह 6:30 से 8:00 तक योगाभ्यास भी कराया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ भर से जुटेंगे प्रसिद्ध रामायणी

# भक्ति और साधना का महापर्वः लोलेसरा में आज से विराट रामायण मेला प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भक्ति, साधना और आध्यात्मिक चेतना का महापर्व विराट रामायण मेला आज से ग्राम लोलेसरा में भव्य रूप से प्रारंभ हो रहा है। बेमेतरा जिला मुख्यालय से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लोलेसरा गांव इस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनेगा।

इस आयोजन का संयुक्त रूप से माँ भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा एवं श्री गुरु पद सेवा सत्संग समिति द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है।



कार्यक्रम को लेकर समूचे क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का वातावरण व्याप्त है। गजेंद्र वर्मा एवं विष्णु साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वभर में प्रभु श्रीराम के आगमन के द्वितीय महाउत्सव की तैयारियों के बीच यह आयोजन विशेष आध्यात्मिक महत्व रखता है। तीन दिवसीय इस महासमर में छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति और मानस परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आयोजन के अंतिम दिवस पर राष्ट्रीय संत श्री मज्ज ज्योतिर्मयानन्द जी महाराज (सपाद लचेश्वर धाम, सलधा) का दिव्य आगमन होगा। उनके सान्निध्य में श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा और मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।

### मानस आयोजकों का किया जाएगा विशेष सम्मान

प्रदेश के प्रसिद्ध रामायणी कलाकार तीन दिवस तक प्रभु श्रीराम के चरित्र पर आधारित श्रीरामचरितमानस की पंक्तियों के माध्यम से आत्मचिंतन और भक्ति रस की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संस्कृति के अंतर्गत मानस आयोजकों का विशेष सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मानस दर्शन जीवन अर्पण छत्तीसगढ़, माँ भद्रकाली जिला मानस संघ, विभिन्न सामाजिक संस्थान, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।











